# OFFICE OF THE PRINCIPAL GOVERNMENT COLLEGE JIND

## SADAK SURAKSHA ABHIYAN REPORT : MARCH 2023

### March 2, 2023 :_ सड़क सुरक्षा विषय पर स्लोगन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

राजकीय महाविद्यालय जींद के रोड सेफ्टी क्लब और ट्रैफिक इंटरप्रिटेशन सेंटर के द्वारा हरियाणा उच्चतर शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा अभियान के तहत प्राचार्या श्रीमती वीना कुमारी की अध्यक्षता में स्लोगन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के 23 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता रोड सेफ्टी इनचार्ज पंकज बत्तरा , सदस्य पूनम और गुरदीप के द्वारा संचालित की गयी। निर्णायक मंडल के तौर पर कंप्युटर साइंस विभाग से प्रो अंजना और गणित विभाग से मैडम मुकेश ने शिरकत की। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रियअंशु, आरती और कोमल ने और पोस्टर मेकिंग मे ज्योति, राहुल और नीशू ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों विजेताओं को प्राचार्या द्वारा नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### March 3, 2023 सड़क सुरक्षा विषय पर निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता प्रतियोगिता आयोजित

राजकीय महाविद्यालय जींद के रोड सेफ्टी क्लब और ट्रैफिक इंटरप्रिटेशन सेंटर के द्वारा हरियाणा उच्चतर शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा अभियान के तहत प्राचार्या श्रीमती वीना कुमारी की अध्यक्षता में प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता रोड सेफ्टी इनचार्ज पंकज बत्तरा , सदस्य पूनम और गुरदीप के द्वारा आयोजित की गयी। निर्णायक मंडल के तौर पर कंप्युटर साइंस विभाग से मैडम सुमन और रसायन विभाग से मैडम निशा ने शिरकत की। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में नवीन, कोमल और सचिन ने और निबंध प्रतियोगिता में प्रियशु, विशाखा और महक ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों विजेताओं को प्राचार्या द्वारा नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### March 4 , 2023 नुक्कड़ नाटक और रैली के माध्यम से सड़क सुरक्षा का आह्वान

राजकीय महाविद्यालय जींद के ट्रैफिक इंटरप्रिटेशन सेंटर एवं रोड सेफ्टी क्लब के द्वारा उच्चतर हरियाणा शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्राचार्या वीना कुमारी और 15 हरियाणा बटालियन के कमांडिंग अधिकारी कर्नल अनुराग मेहरा की अध्यक्षता में अमरेडी और अहीरका गाँवों की चौपाल और स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया । एनसीसी कैडेट आस्था, गिफ्टी, एकता, नीशू, बिंदु, प्रिय, स्नेहा की टीम ने अपने नाटक के माध्यम से दुपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को नशारहित ड्राइविंग, हैलमेट, सीट बेल्ट, फर्स्ट ऐड बॉक्स, हॉर्न और रात के समय डीपर को प्रयोग करने के लिये जागरूक किया । सड़क सुरक्षा अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज बत्तरा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे देश का इतना बड़ा दुर्भाग्य है कि आज भी वाहन चालक सड़क सुरक्षा से संबंधित सरकारी नियमों का पालन चालान के डर से करते है और अपनी तथा दूसरों की सुरक्षा को ताक पर रखते है। उन्हें इस बात का कतई आभास नहीं है कि उनका जीवन उनके परिवार के लिये कितना मायने रखता है। कैडेट सचिन ने मोनो एक्टिंग के माध्यम से शराब पीकर ओवर स्पीड करने वाले चालकों की दुर्दशा का सुन्दर दृष्टांत प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को भावुक कर दिया। राजकीय उच्च विद्यालय अहीरका के प्राचार्य श्री राजपाल देशवाल और अमरेडी गांव के सरपंच कृष्ण कुमार को रोड सेफ्टी टीम के द्वारा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सड़क सुरक्षा विषय पर लोगों को जागरूक करने के लिये एक रैली भी निकाली गयी जिसमें महाविद्यालय के 60 विद्यार्थियो ने हिस्सा लिया

### March10, 2023 राजकीय महाविद्यालय जींद में सड़क सुरक्षा विषय पर व्याख्यान का आयोजन

राजकीय महाविद्यालय जींद के ट्रैफिक इंटरप्रिटेशन सेंटर एवं रोड सेफ्टी क्लब के द्वारा प्राचार्या श्रीमती वीना कुमारी की अध्यक्षता में महाविद्यालय कैम्पस में सड़क सुरक्षा विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक श्री नरेश जागलान ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि भारत में अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण दुपहिया वहन की ओवरस्पीड है जिसमें 19 से 24 वर्ष की युवा पीढ़ी शामिल है। शराब और नशीली दवाओं का सेवन, मोबाइल फोन, हेड फोन और टीवी स्क्रीन इत्यादि का प्रयोग वाहन के चालकों का ध्यान भटकाने का काम करते है जिसकी वज़ह से वो अपनी और दूसरों की सुरक्षा ताक पर रख कर गाड़ी चलाते है। किस तरह से हमे ना केवल वाहन चलाते समय अपितु जीवन के हर क्षेत्र में फोकस रखना चाहिये इस विषय पर उन्होंने विद्यार्थियो का मार्गदर्शन किया। रोड सेफ्टी क्लब के इनचार्ज लेफ्टिनेंट पंकज बत्तरा ने स्मृति चिह्न भेंट कर श्री नरेश को सम्मानित किया। इस अवसर पर मैडम पूनम, NSS अधिकारी अमन, रोड सेफ्टी क्लब सदस्य गुरदीप भी उपस्थित रहे।

### March 11, 2023 अंगदान विषय पर व्याख्यान आयोजित

राजकीय महाविद्यालय जींद के रोड सेफ्टी क्लब के द्वारा उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्राचार्या वीना कुमारी की अध्यक्षता में अंगदान विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें 116 विद्यार्थियों ने भाग लिया मुख्य वक्ता के तौर पर सृष्टि फाउंडेशन के संचालक डॉ विवेक सिंगला को आमंत्रित किया गया। मंच संचालन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज बत्तरा ने किया । डॉ विवेक ने विद्यार्थियो को बताया कि अंगदान के मामले में सबसे जागरूक देश श्रीलंका है जहां मरणोपरांत बिना नेत्र दान के दाह संस्कार को भी गैर कानूनी माना जाता है। भारत मे अंगदान को लेकर लोगों में कई ग़लतफ़हमियां है जिनको दूर करके यदि हर व्यक्ति नेत्र दान का संकल्प ले ले तो केवल मात्र दो महीने में पूरे देश को अंधेपन की समस्या से निजात दिलाया जा सकता है । एड्स एवं हेपटाइटिस बी से ग्रस्त मरीज़, जहर खाकर मरने वाले, टैटनस, डूब कर मरने वाले मृतक नेत्रदान नहीं कर सकते। मृत्यु के पश्चात नेत्र दान करने के इच्छुक परिवार के सदस्यों को किन किन नम्बरों पर सम्पर्क करना चाहिये और किन किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए इसकी विस्तृत जानकारी डॉ सिंगला ने दी। सड़क सुरक्षा क्लब के अधिकारी लेफ्टिनेंट बत्तरा ने डॉ सिंगला को अपना क़ीमती समय देने के लिये आभार प्रकट किया और उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर गुरदीप, पूनम देवी और भूपेंद्र भी उपस्थित रहे।

### March 13, 2023 सड़क सुरक्षा अभियान के तहत राजकीय महाविद्यालय जींद के द्वारा कॉलेज कैम्पस और जिले के गांव अहीरका, हैबतपुर, पिंडरा, अमरेडी में फ्लेक्स बैनर लगाये गये ।

# Photographs of Various Activities







**Winners of Road Safety Quiz & Essay Writing : 3rd March, 2023** **Extension Lecture on Road Safety : 10th March, 23**







**Slogan & Poster Making Competition : 2nd March, 23** **Extension Lecture on Organ Donation & Samaritan Law : 11th March, 23**






**Road Safety Nukkad Natak : 4th March, 23** **Awareness Rally on Road Safety : 4th March, 23**










**Insalllation of Wall Banners and Posters Under Sadak Suraksha Abhiyan in College Campus and Villages : 13th March, 23**